http://www.mpboardonline.com

Roll No. ....................

**706**

# कक्षा 11 वीं परीक्षा, 2019–20

## [7402-A]

# HINDI (General)

## हिन्दी सामान्य

http://www.mpboardonline.com

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

http://www.mpboardonline.com

*निर्देश :–*

*(1) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। (1X5X5 = 25)*

*(2) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक के लिए दो – दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(3) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक के लिए 3 – 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(4) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक के लिए चार –चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(5) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक के लिए पाँच – पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।*

*(6) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7 + 3) = 10 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है।*

http://www.mpboardonline.com

प्र.1 उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (5X1=5

(i) झूरी के दो बैलों के नाम .............................. थे। (जीतू मीतू/हीरा मोती)

(ii) प्रकृति के सुकुमार कवि .............................. हैं।
(जयशंकर प्रसाद/सुमित्रानंदन पंत)

(iii) शब्द के पूर्व लगने वाले शब्दांश को .............................. कहते हैं।
(उपसर्ग/प्रत्यय)

(iv) "उलाहना" कविता में रमलू भगत .............................. का प्रतीक है। (अमीर/गरीब)

(v) मयूर का पर्यायवाची शब्द .............................. है। (केकी/कीर)

प्र.2 निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए – (5X1=5)

(i) श्वेताम्बर में समास है –

(अ) कर्मधारय (ब) द्विगु

(स) अव्ययीभाव (द) बहुव्रीहि

(ii) माखन लाल चतुर्वेदी को जाना जाता है –

(अ) एक भारतीय आत्मा (ब) एक कृषक आत्मा

(स) एक भक्त (द) एक सामाजिक आत्मा

(iii) राम प्रसाद बिस्मिल ने पत्र लिखा –

(अ) पिताजी को (ब) माताजी को

(स) चाचाजी को (द) मित्र को

(iv) बालक राम देखकर डर जाते हैं –

(अ) हाथी को (ब) भूत को

(स) राक्षस को (द) परछाई को

(v) हरी पुस्तिका के लेखक हैं –

(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) जवाहर लाल नेहरू

(स) महात्मा गांधी (द) लाल बहादुर शास्त्री

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

प्र.3 निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए – (5X1=5

(i) वारिधि शब्द का पर्यायवाची समुद्र है।

(ii) मुहावरा वाक्य है।

(iii) रमेश में स्वर संधि है।

(iv) देश प्रेम रचना गद्य की संस्मरण विधा है।

(v) खिलौने वाले की आवाज अत्यंत मधुर थी।

प्र.4 स्तंभ 'अ' से स्तंभ 'ब' का मिलान करके सही जोड़ी बनाइये – (5X1=5

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| (i) हिमकन | (अ) द्विगु समास |
| (ii) राष्ट्रीयतावादी | (ब) चरित्र निर्माण |
| (iii) त्रिभुवन | (स) अव्ययीभाव समास |
| (iv) भगत जी | (द) माखन लाल चतुर्वेदी |
| (v) आजन्म | (ई) मानव विस्तार की कहानी |
| | (फ) मोती के दानों सी |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए – (5X1=5

(i) गांधीजी के मन पर किस चीज़ का गहरा असर पड़ा?

(ii) आचार्य शुक्ल ने सांची यात्रा किस मौसम में की थी?

(iii) मुरली वाले का व्यक्तित्व कैसा था?

(iv) भारतेन्दु युग का नामकरण किस साहित्यकार के नाम पर पड़ा?

(v) बिहारी किस राजा के दरबारी कवि थे?

प्र.6 व्यक्ति सर्वदर्शी कब बनता है? (2)

<u>अथवा</u>

गया के घर जाकर दोनों बैलों ने नोंद में मुँह क्यों नहीं डाला?

प्र.7 महाराणा प्रताप का युद्ध किसके साथ और कहाँ हुआ? (2)

<u>अथवा</u>

राजेन्द्र बाबू पौत्रियों को प्रयाग क्यों लाए थे?

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.8 कहानी का अर्थ बताते हुए किसी प्रसिद्ध कहानीकार की परिभाषा लिखिए। (2)

**अथवा**

भारतेन्दु युग की कोई दो विशेषताएँ लिखिये।

प्र.9 प्रसाद युग के चार रचनाकारों के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

स्वातंत्रयोत्तर युग के चार रचनाकारों के नाम लिखिए।

प्र.10 निम्नलिखित शब्दों का संधि – विच्छेद कर नाम लिखिए – (2)

(i) निष्कपट

(ii) सज्जन

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के भिन्न अर्थ लिखकर वाक्य बनाइये –

(i) अर्थ

(ii) कल

प्र.11 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए – (2)

(i) प्राणों की बाजी लगाना

(ii) पीठ दिखाना

**अथवा**

निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(i) आम के आम गुठलियों के दाम।

(ii) थोथा चना बाजे घना।

प्र.12 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिये – (2)

(i) शिक्षा

(ii) समर्थ

(iii) ज्ञानी

(iv) धर्म

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

(i) देवता

(ii) वन

प्र.13 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए – (2)

(i) महुआ की महक आ रही है। (प्रश्न वाचक)

(ii) तुम चुपचाप काम करते हो। (आज्ञा वाचक)

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए –

(i) विद्यालय http://www.mpboardonline.com

(ii) पथभ्रष्ट

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.14 निम्नलिखित में से किसी एक का भावविस्तार कीजिए – (2)

(i) परहित सरिस धर्म नहीं भाई।

(ii) भाषा विचार की पोषाक है।

प्र.15 'अनु' व 'उप' उपसर्ग लगाकर दो – दो शब्द लिखिए। (2)

**अथवा**

'इक' व 'ता' प्रत्यय लगाकर दो – दो शब्द लिखिए।

प्र.16 तुलसीदास के अनुसार जीवन का सर्वोत्तम फल क्या है? लिखिए। (3)

**अथवा**

भू पर आकाश उतरने का अनुभव कब होता है? लिखिए।

प्र.17 सृजन के संवाहक से क्या तात्पर्य है? लिखिए। (3)

**अथवा**

'नई इबारत' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है? लिखिए।

प्र.18 सज्जन के प्रेम की विशेषताएँ लिखिए। (3)

**अथवा**

छोटे अपने किन गुणों के कारण सलामत रह जाते हैं? लिखिए।



http://www.mpboardonline.com

प्र.19 कर्म के पाँच कारण कौन – कौन से होते हैं? लिखिए।

**अथवा**

कुंभाराम स्वयं को आस्तिक क्यों मानता था? लिखिए।

प्र.20 रामप्रसाद बिस्मिल के अनुसार नवयुवकों को क्या करना चाहिए? लिखिए।

**अथवा**

मानिक चंद को अपनी भूल का एहसास कैसे होता है? लिखिए।

प्र.21 गांधीजी के अनुसार धर्म का अर्थ क्या है? लिखिए।

**अथवा**

डॉ. वसंत को टैलेक्स द्वारा क्या संदेश मिला? लिखिए।

प्र.22 आग में पड़ी धरती से कवि का क्या तात्पर्य है? लिखिए।

**अथवा**

श्री कृष्ण की बंसी इंद्रधनुष के समान क्यों लगती है? लिखिए।

प्र.23 सामान्यतः हमारा उपवास कैसा होता है? लिखिए।

**अथवा**

देश प्रेम को साहचर्य प्रेम क्यों कहा गया है? लिखिए।

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

कहलाने एकत बसत, अहि मयूर, मृग, बाघ।
जगतु तपोवन सौ कियौ, दीरघ दाघ निदाघ।।

**अथवा**

प्राणों के लाले पड़ जाएँ, त्राहि – त्राहि रव नभ में छाए,
नाश और सत्यानाशों का धुआँधार जग में छा जाए।
बरसे आग, जलद जल जाएँ, भस्मसात भूधर हो जाएँ,
पाप–पुण्य सद्सद् भावों की, धूल उड़ उठे दायें बायें।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

धर्म एक व्यापक शब्द है। मजहब, मत, पंथ या सम्प्रदाय सीमित रूप है। संसार के सभी धर्म मूल रूप में एक ही हैं। सभी मनुष्य के साथ सद्व्यवहार सिखाते हैं। ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं है। सभी मानवों में एक ही प्राण का स्पंदन होता है। उनके रक्त का रंग भी एक ही है। सुख – दुख का भाव बोध भी एक जैसा है। आकृति और वर्ण, वेशभूषा और रिति – रिवाज तथा नाम ये सब ऊपरी वस्तुएँ हैं। ईश्वर ने मनुष्य या इन्सान को बनाया है और इन्सान ने बनाया है धर्म या मजहब को। ध्यान रहे मानवता या इन्सानियत से बड़ा धर्म या मजहब दूसरा कोई नहीं। वह मिलना सिखाता है, अलगाव नहीं। धर्म तो एकता का द्योतक है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) सभी मनुष्यों में कौन सी समानताएँ हैं?

(iii) सबसे बड़ा धर्म कौन सा है?

(iv) बाह्य वस्तुएँ क्या हैं?

प्र.26 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5

चले गाँव की ओर, जहाँ पर हरे खेत लहराते,
मेड़ों पर हैं कृषक घूमते, सुख से विरहा गाते।
गेहूँ, चना, मटर, जो सिर पर लेकर भार खड़े हैं,
बीच – बीच में प्रहरी जैसे दिखते वृक्ष अड़े हैं।
चलें गांव की ओर, झोपड़े जहाँ झुके धरती में,
तरु के नीचे खेल रहे हैं बच्चे निज मस्ती में।

(i) खेतों में गेहूँ, चना, मटर कैसे दिखाई देते हैं?

(ii) कृषक क्या गाते हैं?

(iii) बच्चे कहाँ खेल रहे हैं?

(iv) पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।


http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.27 वाद – विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

बीमारी के कारण परीक्षा न दे सकने पर प्राचार्य को 'चिकित्सा अवकाश' के लिए एक आवेदन–पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए – (7)

(i) इंटरनेट की दुनिया

(ii) आपदा प्रबंधन

(iii) मेरे जीवन का लक्ष्य

(iv) पराधीन सपनेहूँ सुख नाहीं

(v) बेरोजगारी की समस्या

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की बिन्दुवार रूपरेखा लिखिए – (3)

(i) बढ़ती आबादी विकट समस्या

(ii) व्यायाम के लाभ

(iii) मित्रता

(iv) दूरदर्शन

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
**http://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**



http://www.mpboardonline.com